सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 35 | इंदौर, सोमवार 18 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. IED Blast: छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के लगाए आईईडी में विस्फोट, जवान का बलिदान; तीन अन्य घायल

2. Delhi Floods: दिल्ली के इन इलाकों में बाढ़ का खतरा! हरियाणा से तेजी से बढ़ रहा पानी; 48 से 72 घंटे का अलर्ट

3. US: 'नाटो में शामिल नहीं होगा यूक्रेन, क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा', जेलेंस्की से बैठक से पहले ट्रंप का बयान

4. Kathua Cloudburst: बादलों का बवंडर... तेज बहाव से दीवारें टूटीं, पार्किंग में खड़ी कारें बहीं, घर हो गए खंडहर

# मप्र को मिल्क कैपिटल बनाने का संकल्प

### रतलाम में सीएम ने किए 246 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुंडाल गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम वर्ष 2028 तक मध्यप्रदेश को मिल्क केपिटल बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। हम गाय के दूध की खरीदी की कीमत भी ज्यादा देंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए हमने तय किया है कि 25 गाय और 42 लाख रुपये तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे, सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपये प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रुप में माफ करेगी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के धार्मिक स्थल कोटेश्वर एवं विरुपाक्ष महादेव में विकास कराने की बात कही। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर करीब 246 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न 57 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 158.64 करोड़ के 37 कार्यों का लोकार्पण और 87.27 करोड़ लागत के कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय ग्रामीणों की सुविधा के लिए प्रस्तावित 113 करोड़ रुपये की पेयजल योजना और मोरकुंडवा सिंचाई योजना को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतलाम और खाचरोद के बीच परीक्षण कराकर 220 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन रोड़ बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सैलाना के लोग चिंता न करें, जनहित में सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। खरमोर पक्षी अभयारण्य के कारण सैलानावासियों को हो रही परेशानी का समुचित समाधान निकालकर कठिनाई दूर की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम बहुत जल्द 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा योजना' के जरिए प्रदेश में फिर से सार्वजनिक बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर रहे हैं। इसकी शुरुआत भी मालवा अंचल से होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जावरा से उज्जैन तक बेहतरीन ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है। इसका सर्वाधिक लाभ रतलाम जिले को ही मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक तरफ तमाम-एक तरफ रतलाम' यही इस जिलेवासियों की पुरानी पहचान है। यहां के सोने आभूषण, नमकीन और तेल वाली कचौड़ी ने रतलाम को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अगले 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेगी। अगले तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त पद भर दिए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली दीपावली की भाईदूज से हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1500 रुपये प्रतिमाह राशि देगी। साल-दर-साल इसे बढ़ाते हुए अगले पांच साल में लाड़ली बहनों को दी जाने वाली यह राशि 3000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी जाएगी।

# चिंटू, विपिन के अध्यक्ष बनने से कई नेता नाराज

### संभागीय प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कांग्रेस ने इंदौर शहर की कमान चिंटू चौकसे और और जिले की विपिन वानखेड़े को दी है। उनकी नियुक्ति से कई नेता नाराज हैं। कुछ खुलकर विरोध करने लगे हैं तो कुछ उनसे जुड़ी शिकायतें हाईकमान तक पहुंचा रहे हैं। चौकसे के अध्यक्ष बनने से नाराज कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि हम बगैर पद के भी कांग्रेस में काम करेंगे। मैदानी नेता को जिम्मेदारी देना चाहिए थी।**

वहीं, पूर्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष साक्षी डागा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हुए लिखा कि कांग्रेस कार्यकर्तागणों की भावना का विसर्जन हो गया है। कार्यकर्ता की मेहनत और भावना की कीमत नहीं बची है। जो व्यक्ति विधानसभा चुनाव में अपना बूथ और वार्ड तक नहीं





बचा पाया। पांच राज्यों में सबसे बुरी हार का रिकॉर्ड बन गया, वह अब कांग्रेस की जिम्मेदारी संभालेगा। चिंटू चौकसे को कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बयान दिया है कि इस पद के लिए अरविंद बागड़ी का नाम आगे था, लेकिन उन्हें इस बात की सजा मिल रही है कि वे खजराना गणेश के भक्त हैं और सनातन धर्म के अनुयायी हैं। कांग्रेस ने उस नेता को अध्यक्ष बनाया है जिस पर अलग-अलग थानों में 14 प्रकरण दर्ज हैं। बागड़ी का अध्यक्ष नहीं बनना बताता है कि कांग्रेस उन लोगों से नफरत करती है जो धर्म का प्रचार प्रसार करते हैं। जीतू पटवारी ने राहुल गांधी के एजेंडे को आत्मसात किया है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरुनी मामला है, लेकिन मुझे लगता है कि कांग्रेस के पतन का कारण उनके फैसले रहते है। आपराधिक प्रवृति के लोगों को बढ़ावा दिया जाता है। जो प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में थे, उन्हें जिलाध्यक्ष बना दिया। कांग्रेस खत्म होती जा रही है, वहां नेतागणों का अकाल पड़ा है।

# नागरिकों ने बोला हमें फ्लैट नहीं ऑक्सीजन चाहिए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के दिल में बसे हुकुमचंद मिल के प्राकृतिक सिटी फॉरेस्ट पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ आज एक बार फिर नागरिकों की आवाज गूंजी। हाउसिंग बोर्ड द्वारा इस हरित धरोहर को काटकर निर्माण कार्य किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में, शहर के पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने शाम 5 बजे से 6 बजे तक राजबाड़ा चौक पर मानव श्रृंखला बनाकर संदेश दिया 'पेड़ बचेंगे तो इंदौर बचेगा'।**

यह सिटी फॉरेस्ट केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि हजारों पक्षियों, जीव-जंतुओं का घर और शहर की आबोहवा का रक्षक है। नागरिकों का कहना था कि यदि यह वन क्षेत्र नष्ट हुआ तो आने वाली पीढ़ियों को केवल प्रदूषण और कंक्रीट का जंगल मिलेगा।

### क्या बनेगा यहां

इस सिटी फॉरेस्ट को काटकर यहां पर फ्लैट बनाकर बेचे जाएंगे। यह जमीन मप्र सरकार के हाउसिंग बोर्ड के पास है। अगले 6 महीने में यहां पर इस सिटी फॉरेस्ट को काटकर फ्लैटों का निर्माण शुरू करने की योजना प्रस्तावित है। मानव श्रृंखला में ओपी जोशी, शिवाजी मोहिते, रामेश्वर गुप्ता, दिलीप वाघेला, अजय लागू, अभय जैन, अरविंद पोरवाल, विश्वनाथ कदम, शैला शिंत्रे, संदीप खानवलकर, प्रकाश पाठक, रामस्वरूप मंत्री, प्रणीता दीक्षित, स्वप्निल व्यास, मनीष काले, प्रमोद नामदेव, डॉ सम्यक जैन, शबाना पारेख, चन्द्रशेखर गवली, प्रकाश सोनी, जावेद आलम, आराध्य दीक्षित, आशीष राय, डॉ. सृष्टी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। सभी ने प्रशासन से मांग की कि इस प्राकृतिक सिटी फॉरेस्ट को स्थायी रूप से संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य तुरंत रोका जाए। नागरिकों का स्पष्ट संदेश था 'हमें फ्लैट नहीं, हमें ऑक्सीजन चाहिए।'

**दिग्विजय सिंह बोले-**

# वोटर लिस्ट देने में एतराज क्यों



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रविवार को इंदौर आए। उन्होंने मीडिया से चर्चा की और चुनाव निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो सवाल उठाए है। उनका जवाब चुनाव आयोग क्यों नहीं दे रहा है। हमने वोटर लिस्ट की सॉफ्ट कॉपी मांगी है,ताकि हम उसके माध्यम से हम यह जानकारी ले सके कि व्यक्तियों के नाम एक पोलिंग बूथ पर है या दूसरे पॉलिंग बूथों पर है। चुनाव आयोग को खुलकर आरोपों पर जबाव देना चाहिए। बिहार में 65 लाख वोट डिलिट हो गए। उसकी सॉफ्ट कॉपी देने में क्या एतराज है। वो हमें क्यों नहीं दी जा रही है। सिंह ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा शुरू की है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि दो सप्ताह तक वोट अधिकार यात्रा आरजेडी, कांग्रेस व साथी दल बिहार में निकालेंगे। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि गांधी जी ने नमक सत्याग्रह से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ देश में माहौल खड़ा किया था। हम भी देश को जागृत कर रहे है।सिंह ने भारत जोड़ों यात्रा पर पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल द्वारा लिखी गई किताब का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी शामिल हुए लेकिन वे दिग्विजय सिंह से दूर-दूर नजर आए। सिंह के साथ पूर्व नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा थे, लेकिन चौकसे दूसरी पंक्ति में बैठे। सिंह गोगा देव की जुलुस में भी शामिल हुए।

## जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप रॉयल की साधारण सभा साथ ही झंडा वंदन का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इस बार ग्रुप की साधारण सभा 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस को आयोजित की गई। मीटिंग में ग्रुप के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। नवकार मंत्र पाठ के पश्चात ग्रुप एवं फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विमल नाहर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर मीटिंग की शुरुआत की गई। ग्रुप उपाध्यक्ष नवनीत सिंह श्रीमाल द्वारा देश भक्ति की कविता प्रस्तुत की गयी। विजय भण्डारी द्वारा आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सभी के द्वारा तंबोला और अन्य गेम्स का लुत्फ उठाया गया। गेम्स में विजेताओं को ग्रुप के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रुप एवं फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विमल नाहर, पूर्व अध्यक्ष एवं ग्रुप तथा राष्ट्रीय संरक्षक राजकुमार सुराणा, पूर्व अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शान्तु पालरेचा, पूर्व अध्यक्ष तथा म.प्र.रीजन प्रभारी दिनेश हुंडिया, पूर्व अध्यक्ष पुखराज पावेचा, पूर्व अध्यक्ष पुखराज लसोड़, वर्तमान अध्यक्ष चेतन लूणावत, उपाध्यक्ष नवनीत श्रीमाल, सचिवद्वय महावीर जैन, पीयूष बापना आदि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन पुखराज लसोड़ और आभार पियुष बापना द्वारा ज्ञापित किया गया।स्वादिष्ट सह भोज के साथ मीटिंग का समापन किया गया।

## व्यापारी पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में शनिवार रात दो भाइयों ने उधारी के विवाद और अवैध वसूली की मांग को लेकर व्यापारी मनोज लोधी पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वे घायल हो गए। थाना पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट मनोज रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच गए और अफसरों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई। मनोज लोधी पटेल नगर में किराने की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी अमित मिश्रा और सुमित मिश्रा अक्सर दुकान से उधार सामान ले जाते थे। शनिवार को दोनों पुरानी उधारी चुकाए बिना सामान लेने पहुंचे थे। जब मनोज ने पहले बकाया चुकाने को कहा, तो वे भड़क गए और धमकी देकर चले गए। कुछ देर बाद दुकान बंद हुई, तो दोनों भाई फिर से आ गए और विवाद करने लगे। व्यापारी ने बताया कि विवाद के बीच अमित ने चाकू निकाला और मार दिया, जिससे वह घायल हो गए। वे बाणगंगा थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मनोज का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सामान्य धाराओं में केस दर्ज किया है, जबकि वे हत्या की धमकी दे रहे हैं। इसलिए उनसे जान का खतरा है। व्यापारी ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसके दो छोटे बच्चे हैं। ऐसे में आरोपियों की धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## वार्ड क्र. 13 में बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर दिव्य शक्ति दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** आध्यात्मिक मंत्रों के कंपन से दिव्य शक्ति से रक्षा सूत्र युक्त एक कवच है। वार्ड क्रमांक 13 में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर वार्ड की बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधे।यह सिर्फ़ एक धागे के रूप में प्रेम का प्रतीक नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक मंत्रों के कंपन से दिव्य शक्ति से युक्त एक कवच है। यह सच्चे अर्थों में एक रक्षा सूत्र, एक सुरक्षा सूत्र में बदल देता है। इस अवसर पर पार्षद पराग कौशल, गोविंदसिंह पंवार, भूपेंद्र सिंघारे,पारुल सोमानी, प्रभाकर कोहेकर, नीरज तेलंग, राजेश यादव, संजय सोलंकी आदि उपस्थित हुए। रक्षा सूत्र बांधने वाली बहने श्रीमती सुनीता गुरंग, श्रीमती मुन्नी तिवारी, श्रीमती सुधा लांबाते, पूनम दीक्षित बहने उपस्थित हुई।

# 29 लाख की लागत से बनेगा सोमेश्वर महादेव मंदिर उद्यान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तुलसी नगर अब एक और विकास कार्य की गवाही देने जा रहा है। क्षेत्र के रहवासियों को शीघ्र ही 29 लाख 18 हजार रुपए की लागत से बनने वाले सोमेश्वर महादेव मंदिर उद्यान का तोहफ़ा मिलने वाला है। रविवार को इस उद्यान का भूमिपूजन इंदौर विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 5 के विधायक महेन्द्र हार्डिया और वार्ड 37 की पार्षद व नगर निगम जोन 8 की अध्यक्षा संगीता महेश जोशी ने गणमान्य नागरिकों व वरिष्ठजनों की उपस्थिति में किया। समारोह में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं इंजीनियर आकाश लश्करी, के.के. झा, कमलेश शर्मा, राकेश जायसवाल, लाल सिंह धाकड़, भारती शाक्यवार, सुनैना हार्डिया, दीपचंद पंचोली, कैलाश सभरवाल, कैलाश तोमर, मनोज दीक्षित, नारायण मीणा, जगदीश उपाध्याय, हेमंत दुबे, दिलीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और मातृशक्ति उपस्थित रहे। रहवासियों को संबोधित करते हुए विधायक हार्डिया ने कहा कि तुलसी नगर को पिछले समय में कई विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं।

# साइबर लुटेरों के जाल में फंसी फायनेंसर की पत्नी, डीसीपी ने बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक महिला साइबर ठगों का शिकार होते-होते बच गई। ठगों ने खुद को ट्राई कंपनी और मुंबई पुलिस अधिकारी बताकर महिला को डराने की कोशिश की थी। शुरुआत में महिला उन्हें असली पुलिस मान बैठी, लेकिन जैसे ही एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया कॉल पर जुड़े, ठगों का खेल बेनकाब हुआ। इसके बाद, पत्नी से कॉल पर जुड़े ठगों ने सुन लिया कि पति एडिशनल डीसीपी से बात कर रहे हैं और घबराकर कॉल काट दी।**



एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि बंगाली चौराहे स्थित आशीष नगर निवासी फायनेंसर की पत्नी मोनिका सूद को कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्राई कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि उनकी सिम से फर्जी गतिविधियां हो रही हैं। ठगों ने यह भी कहा कि इस मामले में मुंबई के कोलाबा थाने में 24 एफआईआर दर्ज हैं और कॉल को 'पुलिस स्टेशन' ट्रांसफर करने का नाटक किया। मोनिका सूद ने बताया,' जब मुझे समझ नहीं आया तो मैंने फोन अपने पति को दे दिया। इसके बाद ठगों ने उनसे भी कई जानकारियां मांगी।" कॉल करने वालों ने कहा कि मेरी सिम पर 24 एफआईआर दर्ज हैं, उन्होंने लंबे समय तक मुझे डराने की कोशिश की। ठगों ने महिला को वीडियो कॉल पर भी जोड़ा और पुलिसकर्मी बनकर बातचीत करने लगे। इस दौरान वे बार-बार अपनी वर्दी सेट कर रहे थे और महिला को डराने की कोशिश कर रहे थे। इसी पर महिला के पति सुदीप सिंह सूद को शक हुआ। उन्होंने तुरंत अपने दोस्त और क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से दूसरे फोन से संपर्क किया और उन्हें कॉल पर जोड़ लिया। जैसे ही ठगों ने सुना कि पति सीधे एडिशनल डीसीपी से बात कर रहे हैं, वे घबरा गए और कॉल तुरंत डिस्कनेक्ट कर दी।

## ठगों ने किया 'डिजिटल अरेस्ट'

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि फोन आने के 15 मिनट में ही मैं मौके पर पहुंच गया। ठगों ने महिला को करीब एक घंटे तक कॉल पर रोककर 'डिजिटल अरेस्ट' रखा। जब महिला ने सिम के दुरुपयोग की बात मानने से इनकार किया तो ठगों ने आधार कार्ड के दुरुपयोग की आशंका जताई। उन्होंने तीन अलग-अलग नंबरों से कॉल किया और वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस अफसर बताया।

## दोस्त के रूम पर जबरदस्ती करने के बाद धमकाया

**इंदौर।** आजाद नगर में 16 साल की छात्रा के शिकायत पर पुलिस ने उसके पड़ोसी पर पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने स्कूल आने जाने के दौरान उससे पहचान बढ़ाई। इसके बाद दोस्त के रूम में ले जाकर जबरदस्ती की। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक आरोपी नवीन छात्रा के घर के पास रहता है। छात्रा ने शिकायत में बताया कि करीब 15 दिनो से नवीन उसका स्कूल आते जाते समय पीछा कर रहा था। नवीन ने उसे दोस्ती की बात कही। वह परिचित होने के चलते राजी हो गई। लेकिन नवीन पीछे पड़ गया। कहने लगा कि अगर वह बात नहीं करेगी तो ठीक नहीं होगा। पीड़िता डर के चलते उसकी बात मानने लगी। 15 अगस्त को पीड़िता जब स्कूल से अपने घर की तरफ आ रही थी। तब आरोपी नवीन ने एक मंदिर के पास रोकर घूमने की बात कही। छात्रा को वह अपने साथ बाइक से दोस्त के रूम ले गया। यहां जबरदस्ती की। पीड़िता ने रात में परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शनिवार को थाने जाकर नवीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

## झाड़ियों में मिला 17 वर्षीय छात्र का शव प्रेम प्रसंग में हत्या का शक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार सुबह इंदौर के चंद्रावतीगंज क्षेत्र के हुबली गांव में झाड़ियों के बीच 17 वर्षीय छात्र का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विशाल पुत्र चैनसिंह चावड़ा के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सांवेर अस्पताल भेजा गया।**

पुलिस जांच में सामने आया कि विशाल शनिवार रात दोस्तों के साथ जन्माष्टमी के कार्यक्रम में गया था। वहां से लौटकर उसने परिवार से कहा कि वह गोशाला में सोने जा रहा है। लेकिन रविवार सुबह जब वह मवेशी छोड़ने के लिए नहीं उठा तो पिता ने गोशाला में खोजबीन की। वहां न मिलने पर परिवार ने तलाश की और



कुछ दूरी पर झाड़ियों में उसका शव पड़ा मिला। घटनास्थल से विशाल का मोबाइल फोन भी गायब है। पुलिस को हत्या की आशंका है और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से सबूत जुटाए जा रहे हैं। मृतक विशाल 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता मवेशी पालन का कार्य करते हैं। एडिशनल एसपी ग्रामीण रूपेश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मोबाइल फोन गायब है और पुलिस प्रेम प्रसंग एवं अवैध संबंधों की आशंका के आधार पर जांच कर रही है।

## मंदिर से मूर्तियां उखाड़कर कान्ह नदी में फेंकी

### लोगों ने किया हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संजय ब्रिज के पास कान्ह नदी किनारे बने मंदिर की मूर्तियां उखाड़कर नदी में फेंक दी गईं। शनिवार सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो मूर्तियां नहीं थी। इसके बाद बजरंग दल हंगामा किया। ढूंढने पर कुछ मूर्तियां नदी में मिलीं।**

कोतवाली थाने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज करने की मांग की। टीआई रविंद्र पाराशर ने भरोसा दिलाया कि एक हफ्ते में आरोपी पकड़ लिए जाएंगे। पुलिस ने मूर्तियां नदी में फेंके जाने का आवेदन



लिया और जांच शुरू कर दी है। 15 अगस्त को इसी मंदिर में मवेशियों के अवशेष मिलने की शिकायत मिली थी। लगातार मंदिर में हो रही घटनाओं से स्थानीय लोग आक्रोशित हैं। लोगों ने मंदिर से मूर्तियां गायब होने की सूचना बजरंग दल को दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच लोगों ने नदी में मूर्तियों की सर्चिंग शुरू की। काफी देर बाद कुछ मूर्तियां मिलीं तो हिंदूवादियों ने आरोपियों को पकड़ने की बात पर हंगामा किया। वहीं, कोतवाली थाने के पुलिसकर्मियों ने सर्चिंग के वीडियो डिलीट करा दिए। एक दिन पहले (शुक्रवार) ही कान्ह नदी के घाट पर स्थित शिव मंदिर में मवेशियों के अवशेष फेंके गए थे। इस मामले में पुलिस ने मोहन लाल मानेकर की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ब्राउन शुगर के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने रविवार को एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से 13.89 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी एक दर्जन से ज्यादा अपराधों में पहले भी जेल जा चुका है।**



एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि राजकुमार सब्जी मंडी रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना पर टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया। छतछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित उर्फ सरदार (25) धनुक, निवासी कुलकर्णी भट्टा, परदेशीपुरा बताया। तलाशी में उसके पास से 13.89 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि उस पर दर्जनभर केस दर्ज हैं। वह नशे का आदी है और पुलिस रिकॉर्ड में हिस्ट्रीशीटर के तौर पर दर्ज है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह सस्ते दामों में अवैध मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में नशा करने वालों को ऊंचे दामों पर सप्लाई करता था। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह ब्राउन शुगर कहां से लाता था और किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करता था।

## स्वतंत्रता दिवस पर मंजित किया आपरेशन सिन्दूर का दृश्य, क्लब के वरिष्ठजनों ने किया ध्वजारोहण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा मेघदूत उपवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात क्लब के सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर के दृश्य का मंचित किया तो सभी की आंखें छलक उठी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने ध्वजारोहण किया और सभी को इस पावन दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

एरोबिक्स क्लब मेघदूत के मुख्य प्रशिक्षक जितेन्द्र मेश्राम, राजिंदर भाटिया, आशा कोष्टा ने बताया कि क्लब द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी आजादी के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर हुए सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान क्लब की ट्रेनर नंदना पाल के निर्देशन में विभा चंदेल, वर्षा पोरवाल, रिया सिंह, सविता उज्वल शेंडे ने ऑपरेशन सिंदूर का दृश्य मंचित किया गया। जिसे देखकर उपस्थित सभी सदस्यों और नागरिकों की आंखें छलक उठीं।

## राजमोहल्ला के सेहरे निशान को द्वितीय पुरस्कार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गोगादेव जन्मोत्सव पर अध्यक्ष लीलाधर करोसिया के निर्णायक मंच से विरु भगत के सेहरे निशान राजमोहल्ला को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसे कलाकार विशाल हेमराज कप्तान और मयंक कल्याणे ने बनाया, जिनका स्वागत किया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विदेशी निवेश संवर्धन के प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम...

## जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियां 18 अगस्त से पांच दिवसीय म.प्र. दौरे पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेशी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों के परिणाम आना शुरू हो गए हैं। विदेशी निवेश संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री के यूरोप दौरे के फलस्वरूप अब जर्मन की कंपनियों ने मध्यप्रदेश का रूख किया है। मध्यप्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत 18 अगस्त से 22 अगस्त तक पांच अग्रणी जर्मन टेक कंपनियों का दौरा शुरू हो रहा है। इसमें म.प्र. और जर्मनी के बीच व्यापार एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी।**

म.प्र. के उद्यमों और जर्मन कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ेंगी। साथ ही तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश अवसरों में वृद्धि होगी। म.प्र. ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है। जर्मन कम्पनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा। इससे प्रदेश में अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस तरह की वैश्विक तकनीकी साझेदारी से प्रदेश में नवाचार और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि "यह पहल केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है। ग्लोबल नॉलेज एक्सचेंज और कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से विकसित होने वाली ट्रांसफ़ॉर्मेटिव साझेदारियाँ प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने में सहायक होंगी।"

प्रतिनिधिमंडल में टाइलर्स के श्री स्टीवन रैनविक, टैलोनिक के श्री निकोलस, स्टेएक्स के श्री एलेक्सजेन्ड्रा के मिकीटयूक, क्यू-नेक्ट-एजी के श्री मटियास प्रोग्चा और क्लाउड-स्क्विड के श्री फिलिप रेजमूश शामिल हैं। ये कंपनियां वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा इंटीग्रेशन, वर्कफ़्लो ऑटोमेशन, आईओटी और कनेक्टिविटी सॉल्युशंस, एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर तथा डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग एआई तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। इन कंपनियों का अनुभव और तकनीकी क्षमता मध्यप्रदेश के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी। प्रतिनिधिमंडल इंदौर प्रवास के दौरान तकनीकी कार्यशालाओं और रणनीतिक चर्चाओं में शामिल रहेगा। प्रतिनिधिमंडल आईआईटी इंदौर में इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण करेगा और स्थानीय स्टार्ट-अप्स से संवाद स्थापित करेगा। इसके बाद भोपाल प्रवास के दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें होंगी। यह पूरा कार्यक्रम तकनीकी सहयोग, अनुसंधान और निवेश से जुड़ी ठोस संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा।

प्रतिनिधि मंडल के बी2बी व्यावसायिक बैठकें और कई तकनीकी साझेदारी के समझौते होंगे। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय निवेश और नई साझेदारियों के द्वार खुलेंगे। इस पहल से प्रदेश के उच्च कौशल वाले हजारों युवाओं के लिये रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवा वैश्विक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। साथ ही राज्य में नए 'अनुसंधान औऱ विकास' केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यह दौरा मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की बुनियाद सिद्ध होगा। इस दौरे से वैश्विक नॉलेज और कटिंग एज टेक्नोलॉजी से ट्रांस्फोर्मेटिव साझेदारी विकसित होगी, जो प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इस पहल से नवाचार हब के रूप में मध्यप्रदेश की स्थिति और सुदृढ़ होगी और आने वाले वर्षों में राज्य को भारत का टेक्नोलॉजी पॉवर हाउस बनाने की दिशा में निर्णायक गति मिलेगी।

### कार्यक्रम का विवरण

#### इंदौर-उज्जैन (18–20 अगस्त)

- **18 अगस्तः** इनफोबीन्स मुख्यालय में स्वागत, "बिल्डिंग ग्लोबल स्केल डिजिटल प्रोडक्ट्स फ्रॉम इंडिया" पर प्रेज़ेंटेशन, फाइरसाइड चैट, नेटवर्किंग लंच और वैलकम डिनर।
- **19 अगस्तः** इनोवेशन लैब टूर, डिजाइन थिंगिंक वर्कशॉप, राउंड टेबल मीट और बीटूबी मैच-मेकिंग और शाम को सांस्कृतिक भ्रमण।
- **20 अगस्तः** आईआईटी इंदौर और इनक्यूबेशन सेंटर उज्जैन का भ्रमण, स्टार्ट-अप्स से संवाद और साझेदारी चर्चाएँ।

#### भोपाल (21–22 अगस्त)

- **21 अगस्तः** "इंवेस्ट इन एमपी" राउंडटेबल, एमपीआईडीसी मुख्यालय में बैठकें, बीटूबी मैच-मेकिंग और नेटवर्किंग डिनर।
- **22 अगस्तः** विज्ञान औऱ तकनीक विभाग और बी-नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा, आईएम ग्लोबार के ऑफिस का भ्रमण, कल्चरल हैरिटेज टूर और मीडिया ब्रीफिंग। यह आयोजन इंक्यूबेशन मास्टर्स , जर्मनी- इंडिया इनोवेशन कॉरिडोर और एमपीआईडीसी के सहयोग से हो रहा है। यह राज्य की प्राथमिकताओं "आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश" और "डिजिटल इंडिया" के अनुरूप है। भविष्य में अमेरिका, सिंगापुर, यूएई तथा अन्य तकनीकी अग्रणी देशों के साथ भी इसी तरह की सहयोग यात्राएँ आयोजित की जाएँगी, जिससे मध्यप्रदेश को एक ग्लोबल टेक-हब के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य सुदृढ़ होगा।

## मप्र में 14 करोड़ का सोना लूटा, बिहार में छिपाया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी**। सिहोरा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश लूटने के मामले का खुलासा हो गया। रविवार को पुलिस ने 4 आरोपियों को दमोह से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों ने 11 अगस्त को 15 मिनट में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक आरोपी रहीस सिंह ने सारा गोल्ड बिहार के रहने वाले साथियों के पास छिपा दिया था। डेढ़ लाख अपने पास रखे थे। इनका प्लान था कि सोना लेकर कुछ लोग बिहार में छिपे रहेंगे। मौका पाकर बिहार जाएंगे और वहां बंटवारा कर लेंगे। पुलिस ने बताया कि इसमें अभी कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारी होनी है। गोल्ड की रिकवरी भी बाकी है। 11 अगस्त को सुबह 9 बजे 2 बाइक पर सवार होकर पहुंचे 5 लुटेरे इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में घुसे थे। लूट के दौरान एक महिला कर्मचारी को दो बदमाश स्ट्रॉन्ग रूम की ओर ले जाते दिखाई दिए थे। यहां कट्टे की नोक पर 14 किलो 875 ग्राम सोना सहित 5 लाख 8 हजार रुपए नकद लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद रेंज आईजी प्रमोद मिश्रा ने 30 हजार का इनाम घोषित किया था।



## बुंदेली लोक कलाकार संजू शबनम का निधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी**। बुंदेली लोकगायक और कलाकार संजू शबनम निवासी ग्राम चंद्रनगर का 16 अगस्त की रात साइलेंट अटैक आने से निधन हो गया। संजू शबनम के अचानक चले जाने से पूरे बुंदेलखंड के कलाकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनके संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलाकार और क्षेत्रवासी शामिल हुए। संजू शबनम ने निधन से कुछ घंटे पहले ही बमीठा हनुमान मंदिर में लगभग 30 मिनट तक भजन-गीत गाए थे। मित्र और बुंदेली कलाकार पप्पू सक्षम ने बताया कि संजू शबनम किसी कार्यक्रम में आए थे लेकिन वह रद्द हो गया। तभी मंदिर से आवाज सुनकर वे रुके और भजन में शामिल हो गए। उन्होंने वहां आखिरी गीत गाया- "अपने कर्मन के खेल हैं निराले, दुनिया से संजू शबनम को उठा ले"। यह सुनकर वहां मौजूद लोग भावुक हो उठे। गीत गाने के बाद वे मुस्कुराते हुए मंदिर से घर लौट गए।

## किले से कूदी छात्रा, डेढ़ घंटे झाड़ियों में अटकी रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी**। 17 साल की एक नाबालिग छात्रा ने किले से कूदकर खुदकुशी की कोशिश की। वह झाड़ियों में अटक गई। किले पर मौजूद लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नाबालिग को निकाला। पुलिस पूछताछ में छात्रा ने बताया कि भाई ने उसे डांट दिया था। जिससे



नाराज होकर वह किले से कूदकर अपनी जान दे रही थी। फिलहाल पुलिस ने नाबालिग के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना शनिवार शाम की है। ग्वालियर किले पर बड़ी संख्या में पर्यटक सुहाने मौसम का मजा लेने पहुंचे थे। लोग लाइट एंड साउंड पॉइंट पर किले के साथ सेल्फी ले रहे थे। तभी छात्रा उस पॉइंट से कूद गई। आसपास खड़े लोगों ने जैसे ही यह सब देखा तत्काल पुलिस को सूचना दी।

## तेज बहाव में बह गया सॉफ्टवेयर इंजीनियर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी**। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर बह गया। उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। वह घर पर आए दोस्तों को ओंकारेश्वर घुमाने लाया था।दोस्तों के साथ ही नाविकों ने भी उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव के कारण किसी ने रिस्क नहीं लिया। सूचना के बाद पहुंचे गोताखोरों ने सर्चिंग शुरू की, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिली। गोताखोरों ने भी मना कर दिया। युवक की पहचान खरगोन जिले के भूलगांव के रामकृष्ण बिरला( 23 ) के रूप में हुई है। जनवरी में उसकी शादी होनी है। फिलहाल वह लापता है। स्थानीय पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना देकर बुलाया है।

## बेटे की हत्या, कमरे में शव छिपाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी**। एक पिता ने अपने छोटे बेटे की हत्या कर दी। उन्होंने बड़े बेटे के साथ मिलकर रॉड से जमकर पीटा। मरने के बाद शव कमरे में छिपा दिया। दोनों भाइयों के बीच बाइक को लेकर विवाद हुआ था। घटना शुक्रवार की है। मृतक युवक का नाम विशन मार्को है। सूचना मिलने पर बरगी थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्हें घर के एक कमरे से विशन का शव मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बरगी की एसआई सरिता पटेल ने बताया पुलिस ने शनिवार देर रात दोनों आरोपी पिता जगदीश मार्को और बड़े भाई अरविंद मार्को को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

## पानी में खड़े होकर किसानों का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। सिंहस्थ महापर्व के लिए स्थायी कुंभ नगरी बनाने का विरोध तेज हो गया है। इसे लेकर किसानों ने रविवार को चक्रतीर्थ श्मशान घाट में पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आगर रोड पर चक्काजाम भी किया। किसानों का कहना है कि वे सिंहस्थ के लिए स्थायी रूप से जमीन देने को तैयार नहीं है। वे जमीन अधिग्रहण पुरानी योजना के तहत करने की मांग कर रहे थे। प्रशासन की काफी समझाइश के बाद वे माने और प्रदर्शन खत्म किया।

# संपादकीय

## चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्रा के क्या हैं मायने?

चीनी विदेश मंत्री का भारत दौरा कोई संयोग नहीं है। वैश्विक राजनीति में चल रही उठापटक के बीच वांग यी का भारत आना अमेरिका को सीधा और स्पष्ट संदेश है। डोनाल्ड ट्रंप चीन को कई बार निशाने पर ले चुके हैं और अब उन्होंने भारत के खिलाफ भी बयानबाजी शुरू कर दी है। विदेश मंत्रालय ( MEA ) ने बताया है कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। ये मुलाकात कई मायनों में खास है। इस मीटिंग का अहमियत का एक बड़ा कारण यह भी है कि चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी से ऐसे समय मिल रहे हैं, जब कुछ ही दिनों बाद (31 अगस्त से 1 सितंबर) शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी तियानजिन जाने वाले हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग यी सोमवार शाम 4:15 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। उनका पहला पड़ाव शाम 6 बजे विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक होते ही शुरू होगा। चीनी विदेश मंत्री सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 24वें दौर की बातचीत के लिए मंगलवार सुबह 11 बजे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल से मिलेंगे। इसके बाद सबसे खास मीटिंग शाम 5:30 बजे होने वाली। इस समय चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले हैं। यह मीटिंग पीएम मोदी के आवास लोक कल्याण मार्ग पर होगी। वांग यी की इस यात्रा में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर अहम बातचीत होने की संभावना है। बता दें कि पिछले साल डेमचोक और देपसांग जैसे विवादित क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी के बाद भी अभी भारी तादाद में दोनों देशों के सैनिक वहां मौजूद हैं। दोनों पक्षों के वर्तमान में पूर्वी लद्दाख में अनुमानित 50,000-60,000 सैनिक तैनात हैं। बैठख में पिछले अक्टूबर में कजान में मोदी-शी बैठक के बाद से हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। एक तरफ जहां चीनी विदेश मंत्री वांग यी नई दिल्ली में की यात्रा पर हैं तो वहीं दोनों देश चुपचाप उन रास्तों को फिर से खोलने की कोशिश कर रहे हैं जो पांच साल से भी ज्यादा समय से बंद पड़े हैं। इनमें सबसे ऊपर है, हिमालयी दर्रों से होकर सीमा व्यापार और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें। हाल ही में भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है कि बीजिंग के साथ 3 निर्दिष्ट सीमा बिंदुओं, उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा, हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला और सिक्किम में नाथू ला, पर व्यापार फिर से शुरू करने के लिए बातचीत चल रही है। चीन ने भी बातचीत की चर्चाओं को स्वीकार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि बीजिंग मोदी और शी जिनपिंग के बीच बनी 'महत्वपूर्ण साझा समझ' पर अमल करने, सहयोग को मजबूत करने और मतभेदों को दूर करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष उच्च-स्तरीय यात्राओं और विश्वास-निर्माण उपायों पर 'निकट संवाद' बनाए हुए हैं।




*अगर आपको लगता है कि आप बड़े आदमी हैं, तब आप छोटे हो जाते हैं। अगर आप जानते हैंकि आप कुछ नहीं हैं, तो आप विशाल हो जाते हैं। मनुष्य होने की यही सुंदरता है।*

– जग्गी वासुदेव

### सैर-सपाटा

# फैमिली के साथ वीकेंड एंज्वॉय करना है तो दिल्ली के इन बेस्ट प्लेसेज पर चले जाएं



वीकेंड का दिन वैसे तो आराम करने का होता है। लेकिन बच्चे अक्सर कहीं ना कहीं घूमने की जिद करने लगते हैं। हर बार उन्हीं पार्क और मॉल में घूमकर बोर हो चुके हैं। तो इस वीकेंड पर देख आएं दिल्ली की ये खूबसूरत सी जगहें। जहां बच्चों के साथ ही पार्टनर के साथ जाना भी अच्छा लगेगा। सुकूनभरी शाम बिताने के लिए ये प्लेसेज बेस्ट हैं।

## ◆ अमृत उद्यान

पार्टनर के साथ संडे का लुत्फ उठाना है तो अमृत उद्यान चले जाएं। 16 अगस्त से लेकर 14 सितंबर तक राष्ट्रपति भवन में बना अमृत उद्यान पब्लिक के लिए मानसून में खुला रहेगा। यहां पर आपको बारिश में उगने वाले सुंदर फूल और गार्डन के नजारों के साथ सुकून मिलेगा। गेट नंबर 35, नॉर्थ एवेन्यू से एंट्री होगी। वहीं अमृत उद्यान में एंट्री फ्री है। बस बुकिंग करवानी होगी। सुबह 10 बजे से लेकर शाम के 6 बजे तक ये उद्यान खुला रहता है।

## ◆ बांसेरा पार्क

फैमिली या पार्टनर के साथ किसी सुकून भरी जगह पर जाना है तो दिल्ली में सराय काले खां में यमुना नदी के किनारे पर डीडीए ने बैंबू थीम पार्क बनाया है। यहां पर बांस की ढेर सारी प्रजाति के पेड़ देखने को मिल जाएंगे। इसके साथ ही यहां बच्चों के लिए फन और गेम्स जोन भी बना हुआ है। इस पार्क में वाटर शो भी देखने को मिलेगा। वहीं यहां का एंट्री टिकट 50 रुपये का है। बांसेर पार्क का नजदीकी मेट्रो स्टेशन निजामुद्दीन है। जहां से आप आसानी से ऑटो कर यहां पहुंच सकते हैं।

## ◆ बोट राइड नियर पुराना किला

पुराने किले के पास बोट राइड का मजा फैमिली के साथ ले सकते हैं। वीकेंड पर ये जगह विजिटर से भरी रहती है। तो इस वीकेंड आप भी बोट राइड का लुत्फ उठाने यहां जा सकते हैं।

## साइंस म्यूजियम

बच्चे कहीं जाने की जिद कर रहे तो उन्हें ब्लू लाइन पर बने सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास बने नेशनल साइंस म्यूजियम में ले जाएं। यहां साइंस से जुड़े कई अजूबी चीजें देखने को मिलेंगी। जिसे बच्चे खूब पसंद करेंगे। साइंस म्यूजियम की टाइमिंग सुबह 9 से 6 बजे के बीच रहती है और टिकट का प्राइस 80 रुपये है।

New Delhi

# महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। रविवार को हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया।**

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।



सीपी राधाकृष्णन का पूरा नाम चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन है। इनका जन्म 4 मई 1957 को तिरुपुर, तमिलनाडु में हुआ था। 16 साल की उम्र में ही आरएसएस से जुड़ गए थे। 1998 और 1999 में कोयंबटूर सीट से सांसद बने थे। 2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। 2023 में झारखंड के राज्यपाल बने थे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

New Delhi

# दिल्ली में दो स्कूल और एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

◆ फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर मौजूद



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में एक बार फिर से स्कूल और कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले भी दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल चुके हैं। कई बार ये हॉक्स कॉल निकली हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल आई। अब खबर है कि दो स्कूलों और एक कॉलेज को धमकी भरी ईमेल मिली है।

जिसके बाद स्कूल परिसर खाली करा दिया गया है। तलाशी अभियान चल रहा है। बम की सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वायड और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के लिए बता दें कि आज सुबह सुबह 7:24 पर कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी।

वहीं इससे पहले बीते महीने जुलाई में दिल्ली के 20 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। पुलिस के अनुसार, दिल्ली के पश्चिम विहार में रिचमंड ग्लोबल स्कूल को बम की धमकी मिली थी। बम की धमकी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची थी।

Rajasthan

# नीले-ड्रम में मिली युवक की लाश

**खैरथल/अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के खैरथल-तिजारा में यूपी के मेरठ जैसा मामला सामने आया है। एक घर की छत पर नीले ड्रम में युवक का शव मिला है। शव को गलाने के लिए नमक भी डाला गया था। युवक की पत्नी, तीन बच्चे और मकान मालिक का बेटा गायब है। मामला किशनगढ़बास थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी का रविवार दोपहर 3 बजे का है। डीएसपी राजेंद्र सिंह निर्वाण ने बताया- उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के नवादिया नवाजपुर निवासी हंसराम उर्फ सूरज की लाश मिली है। मकान से बदबू आने पर मकान मालिक राजेश शर्मा की पत्नी मिथलेश ने पुलिस को कॉल किया था। मौके पर पहुंचे तो छत पर बने कमरे में नीले ड्रम में शव पड़ा मिला। जिस पर नमक डाल रखा था। युवक का धारदार हथियार से गला काटा गया था।



New Delhi

# वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें : ईसी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) चुनाव आयोग (ईसी) ने रविवार को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी का नाम लिए बिना चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है। वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे। 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा।**

एक पार्टी के साथ साठगांठ के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा- हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है। सभी राजनीतिक दल बराबर हैं। अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है। सीईसी ने कहा- कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है। चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान के साथ खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा।



खेल

# एशिया कप में दिखेगा जसप्रीत बुमराह का जलवा, टीम में चयन हुआ पक्का? खुद के उपलब्ध रहने की दी जानकारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह ने कुछ दिनों पहले चयनकर्ताओं से बात की थी और इस टूर्नामेंट में खेलने की जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 अगस्त को मुंबई में बैठक करेगी और एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनेगी।

एशिया कप का आयोजन यूएई में नौ से 28 सितंबर तक होगा। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। सूत्रों ने कहा, बुमराह ने चयनकर्ताओं को बताया है कि वह एशिया कप के लिए उपलब्ध रहेंगे। जब चयन समिति के सदस्य अगले सप्ताह बैठक करेंगे तो वे इस पर चर्चा करेंगे।



**इंग्लैंड दौरे पर बुमराह ने खेले थे तीन मैच -** मालूम हो कि बुमराह कार्यभार प्रबंध के चलते इंग्लैंड दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच में ही खेले थे। उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले रिलीज कर दिया गया था। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह पहले टेस्ट मैच में खेले, जबकि दूसरे टेस्ट मैच से उन्हें आराम दिया गया। इसके बाद उन्होंने तीसरे और चौथे टेस्ट मैच में हिस्सा लिया, जबकि पांचवें टेस्ट मैच में नहीं खेले। टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह ने कुल 119.4 ओवर गेंदबाजी की और दो बार फाइव विकेट हॉल लिए।

**लंबे समय बाद टी20 टीम में नजर आएंगे बुमराह** -एशिया कप का आयोजन इस बार टी20 प्रारूप में होना है इसलिए बुमराह को लंबे स्पैल नहीं करने होंगे और टीम प्रबंधन के पास यह विकल्प भी होगा कि उन्हें किस मैच में आराम देना है। एशिया कप की शुरुआत और बुमराह के आखिरी बार खेलने में 40 दिनों का अंतराल होगा। बुमराह ने भारत के लिए आखिरी बार टी20 मुकाबला पिछले साल टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराया था। बुमराह ने उस मैच में 18 रन देकर दो विकेट लिए थे।

**कुछ दिनों पहले यूएई पहुंचेगी टीम-** भारतीय टीम एशिया कप के लिए जल्द ही यूएई पहुंचेगी। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी बिना मैच अभ्यास के एशिया कप में जाएंगे जिस कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम प्रबंधन से पूछा है कि क्या वे बंगलूरू में छोटा शिविर करना चाहेंगे। हालांकि, टीम प्रबंधन का मानना है कि थोड़ा पहले यूएई पहुंचना अच्छा रहेगा जिससे खिलाड़ी परिस्थितियों में ढल सकें। सूत्र ने कहा, शिविर लगाने के बजाय, टीम तीन-चार दिन पहले ही उड़ान भरेगी जिससे टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें अच्छा अभ्यास मिल सके।

सिनेमा

# 'कौन बनेगा करोड़पति 17' को मिला पहला करोड़पति, 7 करोड़ के सवाल पर लिया बड़ा रिस्क, क्या रच पाएगा इतिहास?



अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। सोनी टीवी पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का एक लेटेस्ट प्रोमो शेयर किया गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं।

## Highlights

1. BJP shares video showing man dismissing Rahul's vote theft claims
2. Luggage fee sparks debate among Namma Metro commuters
3. Bengaluru south RTO shifts from Jayanagar to Anjanapura
4. UPI 3.0 to allow payments via smart devices like fridge, TV, washing machine
5. Activists march in Bengaluru to oppose SC order on stray dogs

# GST 2.0, Trump tariff & share market: 5 stocks to watch, Nifty target & more

**NEW DEIHI, (Agency).** Emkay Global, in a fresh strategy note on Monday, said that India's GST rationalization is a growth-accretive, big-ticket reform. The domestic brokerage has upped its Nifty target to 28,000 for September 2026 and recommended stock investors to play this through autos and cement.

To recall, the Prime Minister Narendra Modi had in his Independence Day speech on August 15 announced major GST rationalization, as per which the rates would be condensed to two major slabs.

Subsequent media reports suggested a rationalization to three rates — 5 per cent, 18 per cent, and a sin tax rate of 40 per cent, though the reports are unconfirmed.

Emkay Global sees this as a massive positive for India as it is a consumption stimulus, will lead to ease of doing business with fewer rates, and result in greater formalization of the economy as cost-




benefit of evasion turns adverse.

Emkay Global said the GST rationalization would benefit companies in sectors such as auto, consumer durables (AC), cement sector and packaged foods.

5 stocks to benefit from GST 2.0

"The best way to play this would be through companies addressing mass-segment brands in each category –we pick Hero Motocorp, Maruti Suzuki India, Voltas, and Ultratech Ceemnt as key stocks; Bikaji is a small-cap idea. The benefits accrue to a narrow segment of the market (9.5 per cent of Nifty) with a negligible (below 1 per cent) direct EPS impact for the Nifty. We estimate 10-15 per cent EPS revisions for the companies in the relevant sectors," Emkay said.

The domestic brokerage said the GST 2.0 would speed up formalization of the economy and improve competitiveness of Indian companies.

It expects the Centre may absorb 0.1 per cent/0.2 per cent slippage in the central fiscal deficit for FY26/FY27 – partially made up by buoyancy and asset sales.

# Small cars to get cheaper: GST overhaul may drop tax rate for vehicles from 29% to just 18%

**NEW DEIHI, (Agency).** The revamped goods and services tax (GST) framework is expected to overhaul both the classification of passenger vehicles and the tax slabs under which they fall, substantially lowering the burden on entry-level cars.

Finance Ministry sources told Business Today that the exercise is aimed at ironing out distortions that have built up in the auto tax structure over the years. With most items currently taxed at 28% proposed to move into the 18% bracket, small cars are likely to see the biggest relief.

At present, small passenger vehicles of up to 4 metres in



length and engine capacity up to 1,200 cc (petrol, CNG, LPG) attract a combined levy of 29%—28% GST plus 1% cess. Diesel cars of similar dimensions face 31%. Larger cars and SUVs, meanwhile, bear some of the heaviest burdens globally, with effective tax rates ranging from 43% to 50%.

Under the proposed rejig, hatchbacks and compact sedans are expected to shift to the 18% GST slab, cutting taxes by around 11 percentage points. This could sharply boost demand in the segment, which has been losing ground to SUVs in recent years.

Under the proposed GST revamp, large cars and SUVs are expected to be taxed at a special rate of 40%, down from the current 43–50% range that includes cess. The 5% GST rate for electric vehicles will remain unchanged. This 40% slab is likely to apply to six or seven items classified as luxury or "sin" goods—such as tobacco, aerated drinks, certain motor vehicles, and possibly online gaming.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक